# प्रादेशिक समाचार एकांश

# आकाशवाणी भोपाल

# दिनांक 13.10.2024   समय: 7.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– देश में पीएम गतिषक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान से आधारभूत ढांचे में बदलाव और संपर्क में हो रही बढोत्तरी।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में 355 करोड की लागत से स्थापित औद्योगिक इकाई का किया षुभारंभ, इसमें 70 प्रतिषत से अधिक महिला कर्मचारी।
- राजधानी भोपाल सहित प्रदेष के विभिन्न षहरों में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम जारी। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम।
- प्रदेष के इंदौर समेत 27 जिलों में बारिष की संभावना, भोपाल में हुई बूंदाबांदी।

<u>पीएम गतिषक्ति</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने पर कहा कि इस योजना से भारत के आधारभूत ढांचे में बदलाव और सम्पर्क में वृद्धि हो रही है, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के एकीकरण से संभार–तंत्र मजबूत हुआ है, विलम्ब में कमी आई है और बहुत से लोगों के लिए नये अवसरों का सृजन हुआ है।

प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरूआत आज ही के दिन 2021 में हुई थी, जिसका उद्देश्य देश के बुनियादी ढांचों में परिवर्तन करना है जिससे लोगों की आवाजाही और वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए निर्बाध और कुशल कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके। इस योजना में 44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और इनके कार्यान्वयन को शामिल किया गया है। इस पहल से विभिन्न मंत्रालयों की 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का आकलन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

<u>राष्ट्रपति विदेष यात्रा</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की यात्रा पर रवाना हो गई हैं। भारत के किसी भी राष्ट्रपति की इन तीन अफ्रीकी देशों की यह पहली यात्रा होगी। एक वर्ष पहले भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी–20 का स्थायी सदस्य बनाया गया था। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्विपक्षीय बैठकें करेंगी और भारतीय समुदाय से बातचीत करेंगी।

<u>उज्जैन औद्योगिक इकाई</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन के समीप ग्राम निनोरा में 355 करोड़ रुपए निवेश वाली एक औद्योगिक इकाई का शुभारंभ किया। इस औद्योगिक इकाई में वृहद स्तर पर गारमेंट निर्माण किया जाएगा। इकाई में विशेष रूप से राज्य शासन की महिला सशक्तिकरण नीति के तहत 70 प्रतिषत से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं। ग्राम निनोरा में स्थापित औद्योगिक इकाई के प्रथम चरण में लगभग 100 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जिसमें आगे चलकर 355 करोड़ रुपए का निवेश होगा। उद्योग समूह द्वारा लगभग डेढ़ लाख एकड़ में जैविक खेती भी की जाएगी। औद्योगिक इकाई के षुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा—

प्रदेश को रोजगार परक राज्य बनाने के लिए निवेश पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है इसको लेकर मुख्यमंत्री ने कहा —

किशोर कुमार सम्मान

'राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान कार्यक्रम' आज खंडवा में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान 1997—98 में भोपाल से शुरू हुआ था। किशोर प्रेमियों की मांग पर 2003—04 में समारोह का आयोजन किशोर दा की नगरी खंडवा में शुरू हुआ। आज इस कार्यक्रम में फिल्मकार राजकुमार हिरानी को 27वां किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभिनेता किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। डॉ. यादव ने कहा कि किशोर कुमार मध्यप्रदेश के रत्न थे। उन्होंने सुविख्यात गायक और अभिनेता के रूप में विशेष पहचान बनाई।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन

ष षनिवार को विजयदषमी पर्व मनाने के साथ ही आज से राजधानी भोपाल सहित प्रदेष के विभिन्न षहरों में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का कम जारी है। सुबह से चल समारोह आयोजित हो रहे हैं। इसको देखते हुए सुरक्षा और यातायात के सभी आवष्यक प्रबंध किए गए हैं। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भोपाल षहर में पांच दिन तक चलेगा। जिससे जिला प्रशासन ने 7 घाटों पर विसर्जन के लिए इंतजाम किए हैं। इसके चलते सुबह 8 बजे से भारी वाहनों, 9 बजे से प्रतिमा विसर्जन और शाम 5 बजे से शहर के अंदर चलने वाले वाहनों के लिए ट्रैफिक परिवर्तित मार्ग से चलेगा। वहीं हमारे अशोकनगर संवाददाता ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान जिले के ओडेर गांव का एक युवक कोचा नदी के घाट पर डूब गया। एसडीआरएफ द्वारा रेस्क्यू किया जा रहा है। एक अन्य जानकारी में दतिया जिले के ग्राम पचेरा में कल देर रात तीन युवक सिंध नदी में बह गए थे। इनमें दो को बचा लिया गया और एक की मृत्यु हो गई।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में लो प्रेशर एरिया के साथ मानसून ट्रफ की एक्टिविटी है। इस वजह से दक्षिण—पश्चिमी हवाएं इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल संभाग में नमी ला रही हैं और बारिश हो रही है। 15 अक्टूबर तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने इंदौर समेत 27 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। आज राजधानी भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में हल्की बारिष हुई। छिंदवाड़ा, रतलाम, धार, आगर मालवा, उज्जैन, गुना और शाजापुर में भी बारिश हुई। शाजापुर जिले के कालापीपल में बिजली गिरने से एक किसान की मौत होने की खबर है।

महिला ट्वेंटी—20 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप—ए में, आज शारजाह में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से हो रहा है।

भारत, न्यूजीलैंड से एक मैच हार चुका है। इसलिए, सेमीफाइनल की दावेदारी के लिहाज से आज का मुक़ाबला भारत के लिए महत्वपूर्ण है। मैच का आंखो देखा हाल आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाएगा।

टेबल टेनिस

टेबल टेनिस में भारत की शीर्ष महिला जोड़ी अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 में देश के लिए पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारतीय जोड़ी ने इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। अयहिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी की जोड़ी को आज सेमी फाइनल में जापान की मीवा हरिमोतो और मियू किहारा की जोड़ी ने 0–3 से पराजित किया। इससे पहले विश्व में 15वां स्थान रखने वाली खिलाड़ी अयहिका और सुतिर्था ने क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य की किम नायॉन्ग और ली यून्हे की अस्थायी जोड़ी को 3–1 से हराया।

लोकसभा अध्यक्ष यात्रा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा में शुरु हो रही अंतर–संसदीय संघ की 149वीं बैठक में संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह बैठक इस महीने की 17 तारीख तक चलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री बिरला ने बताया कि वे अंतर–संसदीय संघ की निर्णय लेने वाली शासी परिषद् की बैठकों में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त वे अन्य देशों की संसदों के अध्यक्षों से भी भेंट करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान श्री बिरला जेनेवा में भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे। शिष्टमंडल में राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश सिंह, दोनों सदनों के महासचिव और कई अन्य सांसद शामिल हैं।

समाचार संक्षेप में ...

- जबलपुर नगर निगम द्वारा शहर में नौ स्थानों पर बनाए गए और आबंटित किए गए आवासों को संपत्ति टैक्स रिकार्ड में दर्ज करने से पहले उनका सत्यापन कराया जाएगा।
- गुना कलेक्टर ने 59 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा के अवैध परिवहन में शामिल मोटर साइकिल को राजसात किया।
- शिवपुरी के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कल एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा।
- रतलाम मंडल अंगर्तत 16 अगस्त से 15 नवम्बर तक सतर्कता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' है।

----------------------

उज्जैन औद्योगिक इकाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन के समीप ग्राम निनोरा में 355 करोड़ रुपए निवेश वाली एक औद्योगिक इकाई का शुभारंभ किया। इस औद्योगिक इकाई में वृहद स्तर पर गारमेंट निर्माण किया जाएगा। इकाई में विशेष रूप से राज्य शासन की महिला सशक्तिकरण नीति के तहत 70 प्रतिषत से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं। ग्राम निनोरा में स्थापित औद्योगिक इकाई के प्रथम चरण में लगभग 100 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जिसमें आगे चलकर 355 करोड़

रुपए का निवेश होगा। उद्योग समूह द्वारा लगभग डेढ़ लाख एकड़ में जैविक खेती भी की जाएगी। औद्योगिक इकाई के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा-

बाइट - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव- रोजगार

प्रदेश को रोजगार परक राज्य बनाने के लिए निवेश पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है इसको लेकर मुख्यमंत्री ने कहा -

बाइट - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव - कॉन्क्लेव

किशोर कुमार सम्मान

'राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान कार्यक्रम' आज खंडवा में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान 1997-98 में भोपाल से शुरू हुआ था। किशोर प्रेमियों की मांग पर 2003-04 में समारोह का आयोजन किशोर दा की नगरी खंडवा में शुरू हुआ। आज इस कार्यक्रम में फिल्मकार राजकुमार हिरानी को 27वां किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभिनेता किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। डॉ. यादव ने कहा कि किशोर कुमार मध्यप्रदेश के रत्न थे। उन्होंने सुविख्यात गायक और अभिनेता के रूप में विशेष पहचान बनाई।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन

ष् षनिवार को विजयदषमी पर्व मनाने के साथ ही आज से राजधानी भोपाल सहित प्रदेष के विभिन्न षहरों में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम जारी है। सुबह से चल समारोह आयोजित हो रहे हैं। इसको देखते हुए सुरक्षा और यातायात के सभी आवष्यक प्रबंध किए गए हैं। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भोपाल षहर में पांच दिन तक चलेगा। जिससे जिला प्रशासन ने 7 घाटों पर विसर्जन के लिए इंतजाम किए हैं। इसके चलते सुबह 8 बजे से भारी वाहनों, 9 बजे से प्रतिमा विसर्जन और शाम 5 बजे से शहर के अंदर चलने वाले वाहनों के लिए ट्रैफिक परिवर्तित मार्ग से चलेगा। वहीं हमारे अशोकनगर संवाददाता ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान जिले के ओडेर गांव का एक युवक कोचा नदी के घाट पर डूब गया। एसडीआरएफ द्वारा रेस्क्यू किया जा रहा है। एक अन्य जानकारी में दतिया जिले के ग्राम पचेरा में कल देर रात तीन युवक सिंध नदी में बह गए थे। इनमें दो को बचा लिया गया और एक की मृत्यु हो गई।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में लो प्रेशर एरिया के साथ मानसून ट्रफ की एक्टिविटी है। इस वजह से दक्षिण-पश्चिमी हवाएं इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल

संभाग में नमी ला रही हैं और बारिश हो रही है। 15 अक्टूबर तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने इंदौर समेत 27 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। आज राजधानी भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में हल्की बारिष हुई। छिंदवाड़ा, रतलाम, धार, आगर मालवा, उज्जैन, गुना और शाजापुर में भी  बारिश हुई। शाजापुर जिले के कालापीपल में बिजली गिरने से एक किसान की मौत होने की खबर है।